भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0

गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ

E.Mail :upscoutsguides@yahoo.comWebsite : www.upbsg.org

पत्रांक–टी0एस0–20/वा0का0/ 780 /2024–25 दिनांक– 29 जून,2024

प्रेषक,

प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

सेवा में,

कुल सचिव एवं जिला सचिव
विश्वविद्यालय जिला संस्था,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0
जननायक चन्द्र शेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

विषयः– बेसिक कोर्स रोवर स्काउट लीडर/रेंजर लीडर के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया प्रादेशिक मुख्यालय के पत्रांक–एस0जी0 18/590/2024–25 दि0–13 जून,2024 वार्षिक कैलेण्डर का सन्दर्भ ग्रहण करें, जो आपको पृष्ठांकित है। जिसके अनुसार वार्षिक वयस्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024–25 के अनुपालन में आपके विश्वविद्यालय क्षेत्र में उपर्युक्त विषयक शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

1	**कोर्स का नाम**	बेसिक कोर्स रोवर स्काउट लीडर/रेंजर लीडर
2	**अवधि**	दि0–08–14 अगस्त,2024
3	**स्थान**	**विश्वविद्यालय द्वारा मण्डलीय ए0एस0ओ0सी के समन्वय से निर्धारित किया जायेगा।**
4	**योगदान**	रू0–2100/–(दो हजार एक सौ)मात्र।
5	**प्रतिभागिता हेतु अर्हता**	जनपद के नये पंजीकृत दलों के प्रभारी अध्यापक/अध्यापिका/लीडर जो पहले प्रशिक्षित न हो।
6	**सम्भावित प्रतिभागियों के आवेदन प्रादेशिक मुख्यालय मे उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि**	22, जुलाई,2024
7	**चयनित/ अर्ह प्रतिभागियों की सूची के प्रकाशन की तिथि**	25, जुलाई,2024
8	**सामग्री जो साथ लायेगें** – तीन मीटर सूत की रस्सी, नोट बुक, पेन, पेंसिल, टार्च, भोजन करने के बर्तन, मौसम के अनुसार बिस्तर, व्यक्गित उपयोग के कपड़े एवं दवाएं आदि। निर्धारित स्काउट/गाइड यूनिफार्म– **(क)**– नीले रंग की पैंट, स्टील ग्रे शर्ट पैच पाकेट के साथ, नीली टोपी बैज सहित, ग्रे नायलान की बेल्ट, स्कार्फ, वागेल **(स्काउट मास्टर हेतु)** **(ख)**– नीले रंग की साड़ी, सफेद ब्लाउज (शर्ट टाइप स्पोर्ट्स कालर के साथ), ब्राउन नायलान की बेल्ट, स्कार्फ, वागेल **(गाइड कैप्टन हेतु)**	

नोटः– प्रशिक्षक मण्डल की नियुक्ति अर्ह प्रतिभागियों की सूची प्राप्त होने के उपरान्त ही की जायेगी।

पृष्ठ.........2

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार शिविर का आयोजन सुनिश्चित कराने के लिए सक्षम कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/1/24

(अरविन्द कुमार श्रीवास्तव)
प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)

प्रतिलिपिः निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
2. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
3. प्रादेशिक सचिव,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सम्बन्धित परिक्षेत्र।
5. सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) आजमगढ़ मण्डल को इस निर्देश के साथ कि शिविर आयोजन हेतु विश्वविद्यालय जिला संस्था से समन्वय स्थापित करें।
6. जिला प्रशिक्षण/संगठन आयुक्त (स्का0/गा0)/सम्बन्धित विश्वविद्यालय जिला संस्था।
7. प्रभारी, आई0टी0 सेल को इस आशय से कि आवेदन पत्र का गूगल फार्म विकसित कर वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

28/1/24

(अरविन्द कुमार श्रीवास्तव)
प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)